दिनांक 31, मई 2022

नवाब वाजिद अली शाह, प्राणि उद्यान, लखनऊ
प्रेस विज्ञप्ति

भारत सरकार पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय केन्द्रीय चिड़ियाघर प्रधिकरण द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' दिनांक 30 मई से 05 जून, 2022 तक 'सह अस्तित्व के लिए संरक्षणः जनता को जोड़ना' (Conservation to Co-Existence: The People Connect) के विषय वस्तु पर नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर आज दिनांक 31.05.2022 को क्रॉक कैनवस (croc canvas) विषय पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि निदेशक, बेसिक शिक्षा श्री सरवेन्द्र विक्रम सिंह रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 छात्र/छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आज से ही ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो गया है। दिनांक 04.06.2022 को चित्रकला प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा होगी एवं दिनांक 05.06.2022 को समापन के साथ विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किये जायेंगे। इस अवसर पर प्राणि उद्यान के क्षेत्रीय वनाधिकारी, श्री पियूष मोहन श्रीवास्तव एवं शिक्षा अधिकारी, श्रीमती नीना कुमार उपस्थित थी।

(–ह0–)
(अशोक कुमार)
निदेशक
नवाब वाजिद अली शाह,
प्राणि उद्यान लखनऊ